आईआईएम रांची का 15वां स्थापना दिवस आज, राज्यपाल होंगे चीफ गेस्ट

रांची | आईआईएम रांची का 15वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व विशिष्ट अतिथि रामास्वामी बालासुब्रमण्यम होंगे। मौके पर कई कार्यक्रम होंगे। बताते चलें कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईआईएम रांची के नए कैंपस का उद्घाटन किया था। आईआईएम रांची का नया कैंपस 60 एकड़ में फैला है, जो 280 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है। इसमें सभी लेटेस्ट तकनीकों से लैस 20 क्लासरूम, 684 रूम के तीन हॉस्टल ब्लॉक, 650 लोगों की क्षमतावाला ऑडिटोरियम है। यहां अभी सात प्रोग्राम चल रहे हैं। जिनमें देशभर के लगभग एक हजार स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं। 2009 में आईआईएम रांची की स्थापना की गई थी।

Dainik Bhaskar_15.12.2023_Pg. 02